भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4926
(23 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई का कार्यान्वयन

4926. श्री सुनिल बाबूराव मेंधे:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में द्‌वितीय चरण के तहत देश में निर्मित सड़कों की कुल लंबाई राज्य-वार कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य-वार कितने प्रतिशत सड़कों का निर्माण हुआ है;
(ग) क्या देश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का तीसरा चरण कार्यान्वित किया गया है; और
(घ) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-3 के तहत चयनित राज्यों के नाम क्या हैं और इस चरण के तहत सरकार द्‌वारा क्या मानक और मापदंड निर्धारित किए गए हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ख): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-II (पीएमजीएसवाई-II) के अंतर्गत किलोमीटर और प्रतिशत (%) दोनों के संबंध में देश में बनाई गई सड़कों की कुल लंबाई का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग) से (घ): सरकार ने 80250 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बसावटों को अन्य के साथ-साथ ग्रामीण कृषि बाजारों (जीआरएएम), उच्चतर माध्यमिक विद्‌यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले थ्रू रूटों और मुख्य ग्रामीण लिंकों का समेकन करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चरण-III का अनुमोदन दिया है। पीएमजीएसवाई के चरण-III के अंतर्गत सभी राज्य पात्र हैं। सरकार पीएमजीएसवाई के चरण-III के कार्यान्वयन के लिए उपाय कर रही है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 23.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4926 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

पीएमजीएसवाई-।। के अंतर्गत पूरी की गई लंबाई का राज्य-वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत सड़क कार्यों की लंबाई	पूरे किए गए सड़क कार्यों की लंबाई	पूरी की गई लंबाई का प्रतिशत
1	आंध्र प्रदेश	1,341.073	1,252.071	93.36
2	छत्तीसगढ़	2,248.716	2,040.428	90.74
3	गुजरात	1,180.310	1,171.810	99.28
4	हरियाणा	1,042.239	1,015.738	97.46
5	झारखंड	1,652.860	0.000	0.00
6	कर्नाटक	2,241.178	2,212.433	98.72
7	केरल	588.898	434.314	73.75
8	मध्य प्रदेश	5,010.197	3,802.581	75.90
9	महाराष्ट्र	2,618.906	2,574.731	98.31
10	मेघालय	489.960	0.000	0.00
11	ओडिशा	3,759.219	8.343	0.22
12	पंजाब	1,342.820	1,316.995	98.08
13	राजस्थान	3,464.263	3,463.907	99.99
14	सिक्किम	120.992	0.000	0.00
15	तमिलनाडु	2,940.416	2,434.722	82.80
16	त्रिपुरा	307.233	0.000	0.00
17	उत्तर प्रदेश	7,614.283	7,372.740	96.83
18	पश्चिम बंगाल	2,527.008	0.000	0.00
19	तेलंगाना	944.075	892.625	94.55
कुल:		**41,434.646**	**29,993.438**	**72.39**